शुभारंभ - 1994

# ग्राम नेहरू युवा ट्रस्ट

मेंटर युवा क्लब

युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार

## वार्षिक प्रतिवेदन

## 2013 - 14

### ✪ संयोजन कार्यालय ✪

बिलासी टाउन, बी0 देवघर-814113 ( झारखण्ड )

### ✪ पंजीकृत कार्यालय ✪

ग्राम+पो0-जमदाहा, प्रखण्ड-कटोरिया

जिला-बाँका-813102 ( बिहार )

# ग्राम नेहरू युवा ट्रस्ट (स्वयंसेवी संस्था)

## जमदाहा, पो0–जमदाहा, जिला–बाँका (बिहार)

## वार्षिक कार्य प्रतिवेदन

## वर्ष 2013–14

पृष्ठ भूमि

"ग्राम नेहरू युवा ट्रस्ट" गाँधी एवं नेहरू विचार पर आधारित एक ग्रास रूट का समर्पित स्वयंसेवी संस्था है। संस्था सहभागिता और पारदर्शिता में विश्वास करती है। "ग्राम नेहरू युवा ट्रस्ट" स्थानीय ग्रामीणों द्वारा अभिप्रेरित गठित और संचालित जन विकास संस्था है।

संस्था का शुभारंभ 02 अक्टुवर 1994 गाँधी जयंती में हुआ है। संस्था की पहचान गाव, प्रखण्ड, जिला, राज्य स्तर पर बना है। संस्था की साख और विश्वास दिनों दिन बढ़ रहा है। "ग्राम नेहरू युवा ट्रस्ट" संस्था का निबंधन और मान्यता – (1) भारतीय न्यास अधि0 1882 (2) नेहरू युवा केन्द्र (भारत सरकार) (3) योजना आयोग, भारत सरकार (4) आयकर अधि0 1961 (5) नाबार्ड, भारत सरकार के तहत् प्राप्त है। संस्था का संबंधन जिला राज्य और राष्ट्रीय स्तर के अनेक नेटवर्को से है और बढ़ रहा है।

**<u>दृष्टि लक्ष्य, उद्देश्य :–</u>**

"ग्राम नेहरू युवा ट्रस्ट" गाँधी एंव नेहरू विचार पर आधारित समतामूलक, शोषण मुक्त, शांति प्रिय, न्याय, सौहार्दपूर्ण, सहभागी, जीवंत समाज की स्थापना हेतु गठित होकर कार्यरत है।

अभिवंचित समूह को राष्ट्र की मुख्यधारा में शामिल करना, राष्ट्रीय एकता और अखण्डता को मजबूत करना, सरकारी/गैर सरकारी योजनाओं से वास्तविक लाभार्थियो को जोड़ना, जनहित का वकालत करना एवं जनशक्तिकरण का सतत् प्रयास करना। प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण और संवर्धन भारतीय संस्कृति व सभ्यता का संवर्धन गाँधी और सद्–साहित्य का प्रसार तथा स्वावलम्बन का प्रसार करना हमारा उद्देश्य है।

**<u>कार्यक्षेत्र :–</u>**

"ग्राम नेहरू युवा ट्रस्ट" का कार्यक्षेत्र संपूर्ण भारत वर्ष है। स्थापना काल से संस्था बिहार राज्य के भागलपुर सह बाँका जिला एवं संथाल परगना के देवघर एवं गोड्डा जिले में सर्वागिण विकास का काम कर रही है।

कृ.पृ.उ.…………

वर्ष 2013–14 के संपादित मुख्य कार्यक्रम :–

1. विशेषज्ञ से मिलिए कार्यक्रम
2. स्वास्थ्य जाँच शिविर
3. मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण कार्यक्रम (महिला के लिए)
4. महिला समूह क्षमता संवर्द्धन प्रशिक्षण
5. कवि सम्मेलन सह सांस्कृतिक कार्यक्रम
6. महिला हिंसा पर कार्यशाला
7. पर्यावरण जागरूकता अभियान कार्यक्रम
8. वित्तीय साक्षरता/समावेशन
9. महिला कौशल उन्नयन प्रशिक्षण
10. युवा नेतृत्व एवं सामुदायिक विकास प्रशिक्षण
11. शैक्षिक जागरूकता कार्यक्रम
12. मतदाता जागरूकता अभियान

परिणाम, उपलब्धियाँ व प्रभाव :–

1. दिनांक 20.04.2013 को कटोरिया प्रखण्ड के जयपुर बुनियादी विद्यालय प्रांगण में किसान क्लब के सदस्यों के लिए विशेषज्ञ से मिले कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन डॉ0 शिखा चौधरी कृषि विज्ञान केन्द्र बाँका के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में समेकित कृषि प्रणाली, वैज्ञानिक खेती पर मुख्य रूप प्रकाश डाला गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में 12 किसान क्लब के 150 सदस्यों सहित जयपुर ग्राम पंचायत के मुखिया श्री हरेन्द्र शर्मा, उपस्थित थे। संचालन संस्था के सचिव श्री सुनिल कुमार मिश्रा ने किया।
2. दिनांक 28.05.2013 को कटोरिया प्रखण्ड के बदासन गाँव में एक दिवसीय स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया गया। इस जाँच शिविर में डॉ0 सुनील कुमार झा, शिशु रोग विशेषज्ञ, डॉ0 योगेन्द्र मंडल प्रभारी रेफरल अस्पताल कटोरिया,

डॉ0 वंदना झा, स्त्री रोग विशेषज्ञ ने मुख्य रूप से उपस्थित हुये। जाँच शिविर में 300 से ज्यादा महिलाओं, पुरूषों और बच्चों की स्वास्थ्य जाँच की गई, साथ ही दवाई का वितरण किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था सदस्यों सहित ए0एन0एम0 रूपा कुमारी, नुतन कुमारी एवं आशा कार्यकर्त्ता ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

3. दिनांक 15.06.2013 से 19.06.2013 तक कटोरिया प्रखण्ड के बसमता पंचायत अंतर्गत लक्ष्मीपुर गाँव में महिला स्वयं सहायता समूह के सदस्यों को स्वरोजगार हेतु ''मशरूम उत्पादन'' का 5 दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन कृषि विज्ञान केन्द्र, बाँका के सौजन्य से किया गया। जिसमें 30 महिलाओं ने भाग लिया।

4. दिनांक 22.07.2013 को कटोरिया प्रखण्ड के कालीगढ़ी प्रा0 वि0 परिसर में ''महिला स्वयं सहायता समूह'' के सदस्यों को क्षमता–वर्द्धन हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, कटोरिया के शाखा प्रबंधक श्री उत्तम कु0 सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। संचालन सचिव सुनील कुमार मिश्रा ने किया। प्रशिक्षण में 30 समूहों के 316 सदस्यों ने सह भाग लिया। प्रशिक्षण में समूह संचालन, नियमित बचत, ऋण, स्वरोजगार से जुड़ी बातों पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला गया।

5. दिनांक 15.08.2013 को संस्था कार्यालय में झण्डोतोलन किया गया। संध्या में देशभक्ति पर आधारित ''कवि सममेलन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस समारोह के मुख्य अतिथि श्री राजकुमार शम्रा, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, कटोरिया, विशिष्ट अतिथि प्रो0 राम नारायण भगत, (अवकाश प्राप्त, पी0बी0एस0 कॉलेज, बाँका) मुख्य रूप से उपस्थित थे।

6. दिनांक 26.09.2013 को बाँका प्रखण्ड के दोमुहान गाँव स्थित प्रा0 वि0 परिसर में "महिला हिंसा के रोकथाम हेतु" एक दिवसीय कार्यशाला का अयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन श्री ज्योति नंदन झा, वरीय अधिवक्ता, सिविल कोर्ट, बाँका एवं डॉ0 विश्व मोहन मिश्रा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यशाला में उपस्थित महिलाओं को घरेलू हिंसा जैसे दहेज–प्रथा, कन्या भ्रुण हत्या, सहित बलात्कार बचाव एवं रोकथाम सहित कानुनी प्रक्रियाओं के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। कार्यशाला में 100 से ज्यादा महिलाओं ने भाग लिया।

7. दिनांक 15.08.2013 से 21.08.2013 तक पर्यावरण जागरूकता अभियान के तहत "धरती बचाओ अभियान" का आयोजन नेहरू युवा केन्द्र संगठन एवं जी न्यूज के सौजन्य से किया गया। इस कार्यक्रम में कटोरिया प्रखंड के बदासन, बाराकोला, सेजवा, मालबथान गाँवों में रैली, बैनर, पोस्टर के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया गया। साथ ही 500 से अधिक पौधे लगवाये गये।

8. वित्तीय साक्षरता समावेशन कार्यक्रम के तहत कटोरिया प्रखण्ड के बसमता कोल्हासार, जयपुर पंचायत अंतर्गत विभिन्न गाँवों में यु0 को0 बैंक, जयपुर ग्रामीण बैंक, कटोरिया के सौजन्य से शिविर लगाकर अभिवंचित समूहों का बचत खाता खोला गया। शिविर में 2000 से अधिक लोगों का खाता खोला गया। साथ ही भारतीय जीवन बीमा निगम द्वारा संचालित सुक्ष्म बीमा के तहत 500 से अधिक लोगों को बीमा से जोड़ा गया।

9. दिनांक 02.12.2013 से 01.02.2014 तक (3 माह) कटोरिया प्रखण्ड के बाराकोला प्रा0 वि0 प्रांगण में "महिला कौशल उन्नयन प्रशिक्षण कार्यक्रम" के तहत "सिलाई + कटाई प्रशिक्षण" का आयोजन नेहरू युवा केन्द्र, बाँका के सौजन्य से किया गया। जिसका उदघाटन श्री अमल किशोर पासवान, जिला युवा समन्वयक, नेहरू युवा केन्द्र, बाँका ने किया। प्रशिक्षण में 30 महिला प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

10. दिनांक 10.12.2013 से 12.12.2013 (तीन दिवसीय) "युवा नेतृत्व एवं सामुदायिक विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम" का आयोजन कटोरिया प्रखण्ड के जयपुर मदरसा वि० प्रांगण में किया गया। जिसका उद्घाटन श्री अमल किशोर पासवान, जिला युवा समन्वयक, नेहरू युवा केन्द्र, बाँका श्री पंकज पासवान, ओ0 पी0 प्रभारी, जयपुर, श्री हरेन्द्र शर्मा मुखिया, ग्रा0 पं0 जयपुर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। प्रशिक्षण में 40 प्रतिभागियों सहित कई गणमान्य एवं पत्रकार उपस्थित थे। संचालन सचिव श्री सुनील कु0 मिश्रा ने किया।

11. दिनांक 27.12.2013 को एक दिवसीय "आधार स्तरीय शिक्षा जागरूकता कार्यक्रम पर आधारित कार्यशाला का आयोजन मदरसा विद्यालय, जयपुर के प्रांगण में किया गया। आयोजन नेहरू युवा केन्द्र, बाँका के सौजन्य से किया गया जिसका उद्घाटन डॉ0 निक्की हेम्ब्रम, जिप सदस्या, पूर्वी कटोरिया, श्री पंकज पासवान, ओ0 पी0 प्रभारी, जयपुर, श्री अमल किशोर पासवान, जिला युवा समन्वयक, नेहरू युवा केन्द्र, बाँका ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यशाला में तकनीकी शिक्षा, गुणात्मक शिक्षा पर प्रकाश डाला गया। 80 प्रतिभागियों सहित कई गणमान्य, पत्रकार, स्थानीय ग्रामीण उपस्थित थे। संचालन सचिव श्री सुनील कुमार मिश्रा ने किया।

12. दिनांक 05.02.2014 से 19.02.2014 तक भारत निर्वाचन आयोग एवं नेहरू युवा केन्द्र संगठन के सौजन्य से "मतदाता जागरूकता अभियान कटोरिया प्रखण्ड के 50 से अधिक गाँवों में चलाया गया।